# ग्राम पंचायत गंगथ, विकास खण्ड इन्दौरा, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176204 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023

## भाग–एक

1. **(क)प्रस्तावना**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपें जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत गंगथ, विकास खण्ड इन्दौरा, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| **क्र॰स॰** | **नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेन्द्र कुमार | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

**सचिव :–**

| **क्र॰स॰** | **नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1 | श्री मोहिन्द्र सिंह | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

**तकनीकी सहायक :–**

| **क्र॰स॰** | **नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1 | श्री रामकुमार | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| **क्र॰स॰** | **नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश सिंह | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

### (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–

ग्राम पंचायत गंगथ के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना | 4.26 |
| 2 | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 52.32 |
| 3 | 7.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 4.30 |
| 4 | 8.1 | दुकानों के किराये का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 1.97 |
| 5 | 9.1 | विवाह पंजीकरण शुल्क का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.09 |
| 6 | 10.1 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना। | 11.05 |
| 7 | 10.2 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना स्टॉक का क्रय करना | 2.54 |
| 8 | 10.3 | खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करना | 0.50 |
| 9 | 11 | मूल बिल पर भुगतान न करके प्रोफार्मा बिल पर करना | 0.35 |
| 10 | 12 | बिल/वाउचर मौजूद न होना | 0.12 |
| 11 | 14 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 12.80 |

## भाग–दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षणः–

ग्राम पंचायत गंगथ के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक व श्री दीपक सिंह पठानिया, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 02.01.2024 से 06.01.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया।

आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2021–22 | 05/2021 | 02/2022 |
| 2022–23 | 11/2022 | 03/2023 |

**अस्वीकरणः–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

## 3. अंकेक्षण शुल्कः–

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹6400/– आंका गया है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/–09 दिनांक 06.01.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

## 4.1 (क).वित्तीय स्थितिः–

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2023/–04 दिनांकः 02.01.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया हैः–

**1.स्वः–स्त्रोतः–**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2021-22 | 568243 | 513870 | 1082113 | 458161 | 623952 |
| 2022-23 | 623952 | 1180921 | 1804873 | 360559 | 1444314 |

**2.अनुदान:–**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2021-22 | 5219038.97 | 2386056.25 | 7605095.22 | 1358154.7 | 6246940.52 |
| 2022-23 | 6246940.52 | 4084774 | 10331714.52 | 5099403.7 | 5232310.82 |

**कुल योग (1+2)** 1444314 +5232310.82 = 6676624.82

## (ख). बैंक समाधान विवरणी:–

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2023 को रोकड़बही/वित्तीय स्थिति से ₹66,76,624.82 तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि के अन्तशेष ₹71,02,257.16 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार है:–

| | **बैंक खातों की विवरणी:–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्व:स्त्रोत/तीसरा वित | का•के•सह•बैंक गगंथ | 20031004931 | 1431318 |
| 2 | तीसरा वित्त | का•के•सह•बैंक गगंथ | 50055717023 | 239 |
| 3 | आई.ए.वाई | का•के•सह•बैंक गगंथ | 50055716891 | 1859 |
| 4 | वी.के.वी.एन.वाई | का•के•सह•बैंक गगंथ | 50055717045 | 431597.39 |
| 5 | एम.पी.लेड | का•के•सह•बैंक गगंथ | 50055717012 | 193634 |
| 6 | एस.डी.पी | का•के•सह•बैंक गगंथ | 50055717090 | 262553.50 |
| 7 | आर.ए.वाई/ए.ए.वाई | का•के•सह•बैंक गगंथ | 50055717078 | 68110 |
| 8 | एन.आर.एच.एम/एस.बी.एम | का•के•सह•बैंक गगंथ | 50055716937 | 26363 |
| 9 | 14वाँ वित्तायोग | का•के•सह•बैंक गगंथ | 50055716926 | 21652.97 |
| 10 | 15वाँ वित्तायोग | एच.डी.एफ.सी जस्सूर | 50100358468012 | 4664843.30 |
| 11 | हस्तगत शेष | | | 87 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योग:– | | | | ₹7102257.16 |
| **दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार (पैरा 4) अन्तशेष:– | | | | ₹6676624.82 |

| | |
|---|---|
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेषः– | ₹7102257.16 |
| अन्तरः– | **425632.34** |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़बही का बैंक खातों के साथ नियमानुसार मिलान न करने के कारण ₹4.26 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत गंगथ द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2023 को रोकड़बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹425632.34 का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में है। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/05 दिनांकः 03.01.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके उत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–01 दिनांक 06.01.2024 द्वारा सूचित किया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा। प्रत्युतर संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार वर्तमान में अन्तर का शीघ्रातिशीघ्र मिलान करके अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके तथा बैंक एंव रोकड़बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(घ) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि की खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। अंकेक्षण अवधि की खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि किस–किस कार्य हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व किस–किस कार्य पर कितना–कितना व्यय हुआ है तथा किस कार्य को पूरा किया जा चुका है। यह एक गम्भीर अनियमितता है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/08 दिनांकः 05/01/2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर

में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06.01.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान समय से खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार किये जा रहे है। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया है।

अतः अंकेक्षण अवधि की खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

## (ड.) खाता–क व खाता–ख का रख–रखाव अलग–अलग न रखनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता–क खोला जायेगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनों के लिये आबंटित निधियाँ और प्राप्त ऋण हेतु खाता–ख खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत गंगथ द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदान राशि का खाता–क व खाता–ख अलग अलग से तैयार नहीं किया गया था बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदानों की, एस.डी.पी, वी.के.वी.वाई.एन, 14वां व 15वां वितायोग की अलग–अलग, सयुंक्त रोकड़बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत, तीसरा वित, आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एंव निर्देशो के विरुद्ध खाता संख्या 20031004931 में ही प्राप्त अनुदानों को जमा किया गया तथा इससे ही व्यय किया गया था। जबकि पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों के लिये अलग–2 खाते भी खोले गये थे। जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है तथा नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इन्कार नही किया जा सकता।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/08 दिनांकः 05.01.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06.01.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि भविष्य में खाता–क व खाता–ख का अलग–अलग अनुसंधारण कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही एवं स्कीमवार खातों का रख–रखाव न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में खाता–क व खाता–ख के अनुरूप रोकड़ बही एवं निर्देशानुसार स्कीमवार बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 5 निवेश न करने बारेः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना नहीं की गई थी तथा अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹5,67,898 से ₹14,31,318 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पडा है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/08 दिनांकः 05.01.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06.01.2024 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार, नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6.1 अनुदान की राशि ₹52.32 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/–04 दिनांक 02.01.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि [redacted] 1 व [redacted] 2 पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2023 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹52,32,310.82 की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | आई.ए.वाई | 31.03.2023 | 1862 |
| 2 | ए.ए.वाई | 31.03.2023 | 68110 |
| 3 | एम.पी.लेड | 31.03.2023 | 193634 |
| 4 | एन.आर.एच.एम / एस.बी.एम | 31.03.2023 | 26363 |
| 6 | वी.के.वी.वाई.एन | 31.03.2023 | 523196.75 |
| 7 | एस.डी.पी | 31.03.2023 | 220453.50 |
| 8 | 14वाँ वित्तायोग | 31.03.2023 | 21353.97 |
| 9 | 15वाँ वित्तायोग | 31.03.2023 | 4177337 |
| | | **कुल जोड** | 5232310.22 |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है। विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों के स्वीकृति पत्र की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था परन्तु ऐसा न होने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ–साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अतः अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 6.2 अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव न करना :–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो

सका। अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन(Update) करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

## 7.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹4.30 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/–04 दिनांकः 02/01/2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "3"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पति कर/गृहकर की मद में ₹4,30,205/– की राशि दिनांक 31.03.2023 को वसूली हेतु शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। सम्पति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/08 दिनांकः 05.01.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06.01.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि वर्तमान समय से सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जा रही है। प्रस्तुत प्रत्युतर संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.2 गृहकर माँग व संग्रहण रजिस्टर तैयार न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम के नियम 33 व 77 के प्रारूप 10 पर पंचायत के गृहकर की माँग व एकत्रीकरण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित है।

पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान पंचायत के गृहकर सम्पत्तिकर का माँग व एकत्रीकरण रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "3"** पर दर्शाए दिनांक 31.03.2023 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः गृहकर/सम्पत्तिकर मांग एवं संग्रहण रजिस्टर तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व शीघ्रातिशीघ्र इसे तैयार करना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

## दुकानों के किराये से आयः–

### 8.1 दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹1.97 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां/2024/–06 दिनांकः 03/01/2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार **दिनांक 31.03.2023 तक दुकानों के किराये की ₹1,97,000/– की राशि वसूली हेतु शेष थी,** जिसकी सत्यता की जाँच अंकेक्षण में सम्भव न हो सकी क्योंकि पंचायत द्वारा दुकान किराया मांग व प्राप्ति रजिस्टर का न तो वार्षिक आधार पर और न ही माहवार अनुरक्षण किया गया था अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **दिनांक 31.03.2023 को** दुकान किराया वसूली हेतु शेष की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा इस किराये की वसूली हेतु कोई ठोस कार्रवाई भी अमल में नहीं लाई गई थी।

### 8.2 दुकानों के किरायेदारों के साथ किराया अनुबन्ध न करनाः–

पंचायत सचिव ने कार्यालय पत्र क्रमाँक 01 दिनाँक 06.01.2024 द्वारा अंकेक्षण के दौरान सूचित किया कि पंचायत द्वारा उक्त सम्पत्तियों को किराये पर देते समय किरायेदारों के साथ किसी प्रकार का अनुबन्ध हस्ताक्षरित नहीं किया गया था। यह बहुत ही गम्भीर अनियमितता है तथा इसके अभाव में यदि भविष्य में पंचायत को कोई वित्तीय हानि होती है तो यह चूककर्ताओं का व्यक्तिगत दायित्व होगा।

उपरोक्त अनियमितताओं के बारे में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/07 दिनांकः 06.01.2024 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट क़रने को कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 01 दिनाँक 06.01.2024 द्वारा स्पष्ट किया कि बकाया दुकान किराया की वसूली कर ली जायेगी तथा अन्य अनियमितताओं को भी पूरा कर लिया जायेगा। प्रस्तुत स्पष्टीकरण सन्तोषजनक नहीं पाया गया। अतः सुझाव दिया जाता है कि बकाया किराया की वसूली करने के लिये अपेक्षित कदम यथाशीघ्र उठाया जाना सुनिश्चित करके पंचायत हितों की सुरक्षा हेतु किरायेदारों के साथ नियमानुसार अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाये ताकि भविष्य में किराया वसूली में दिक्कत न आये जिसकी अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

### 9.1 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में राशि ₹0.09 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार 30 दिनों के भीतर विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य) व आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल. के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30

दिनो के बाद व 90 दिनो के भीतर ₹400(सामान्य) से व ₹ 50 आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क वसूल करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान विवाह शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना के अनुसार 38 विवाह पंजीकृत किये गये थे, जिस हेतु ₹200 / 400 की दर से कोई राशि नहीं वसूली गई थी। जबकि उक्त वर्णित दरो के अनुसार ₹9200 वसूल किये जाने अपेक्षित थे।

उक्त वसूली न करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2023 / 08 दिनांकः 05 / 01 / 2024 के अर्न्तगत सचिव ग्राम पंचायत गंगथ के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06.01. 2023 द्वारा अवगत करवाया गया कि बकाया विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली करके सरकारी कोष में जमा करवा दी जायेगी।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार उक्त देय राशि की वसूली अविलम्ब करते हुये सरकारी कोष में जमा करना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 9.2 विवाह पंजीकरण के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त की जानी अपेक्षित है तथा जिसे समय–समय पर वसूल करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण अधिनियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0235–00–800–03" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान निम्न विवरणानुसार पाया गया कि ग्राम पंचायत गंगथ द्वारा वर्ष 2021–22 व 2022–23 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः–

| क्र0सं0 | वित्तीय वर्ष | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि |
|---|---|---|
| 1. | 2021–22 | 2400 |
| 2 | 2022–23 | 1800 |
| | **जोड** | **4200** |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/8 दिनांक: 05/01/2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत गंगथ के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06/01/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः उक्त उल्लेखित राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाये जाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 10.1 क्रय किये गये सामान राशि ₹11.05 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होना:—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत गंगथ के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट—"6"** पर संकलित राशि **₹11,05,362/—** के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे धन व स्टॉक के दुरूपयोग, रिसन की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/08 दिनांक: 05/01/2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06/01/2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान समय से स्टॉक प्रविष्टियां की जा रही हैं। प्रस्तुत उतर संतोषजनक नहीं पाया गया है।

अतः प्रत्येक क्रय किये गये सामान का नियमानुसार समुचित इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 10.2 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹2.54 लाख के स्टॉक का क्रय करना:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत गंगथ के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–"6"** में दिए गए विवरणानुसार ₹2,54,498/–का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है।

उपरोक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/08 दिनांकः 05/01/2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06/01/2024 द्वारा सूचित किया गया भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके सामान क्रय किया जायेगा। प्रत्युतर संतोषजनक नहीं पाया गया है।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 10.3 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करने फलस्वरूप सरकारी कोष को ₹0.50 लाख की राजस्व हानिः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म एक्स उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा।

ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–"7"** पर संलग्न चुनिंदा वाउचरों के तहत निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹50444.25 का अनियमित भुगतान किया गया था।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/08 दिनांकः 05.01.2024 द्वारा अनुरोध किया

गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–01 दिनांक 06/01/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की राशि की कटौती कर ली जायेगी। दिया गया उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है, क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म को उपलब्ध न करवाने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री की राशि का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25 प्रतिशत पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था।

अतः उक्त किये गये अनियमित भुगतान को या तो समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हिमाचल प्रदेश सरकार के आय लेखा शीर्षक "0853" नॉन फैरस माइनिंग एवं मेटोलोजिकल इंडस्ट्रीज उप–शीर्ष "102" मिनरल कनसेशन फीस किराया एवं रॉयल्टीस "81" खनिज फीस रियायत आदि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। पूर्वोक्त मामलों के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई निर्माण सामग्री हेतु रॉयल्टी की राशि की संस्था/विभागीय स्तर पर समुचित गणना कर उसकी भी नियमानुसार वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**11 ₹0.35 लाख का भुगतान मूल बिल पर न करके प्रोफार्मा बिल पर करनाः–**

पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 47 (1 व 2) के अनुसार पंचायत निधियों से किये गये प्रत्येक व्यय को समुचित वाउचर से समर्थित किया जाना अपेक्षित है।

चयनित माह के वाउचरों के अवलोकन में पाया गया कि वाउचर संख्या 14 दिनांक 05.02.2022, मै0 सोरभ गोल्डन टाईल्स एडं हार्डवेयर स्टोर गंगथ इन्टरलॉक टाइल्स खरीदने हेतु किये गये भुगतान ₹34645/– के व्यय के विरूद्व विक्रेता अथवा आपूर्तिकर्ता का उचित आपूर्ति बिल उपलब्ध नहीं था। इस मामले में पंचायत द्वारा एक मुद्रित प्रोफॉर्मा, ही आपूर्तिकर्ता की रसीद दर्शाई गई थी। आपूर्तिकर्ता के बिल तथा उचित रसीद के अभाव में यह व्यय सही प्रतीत नहीं होता है। यह एक अत्यंत गम्भीर अनियमितता है।

इस गम्भीर प्रकरण को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/08 दिनांकः 05/01/2024 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत गंगथ के ध्यानार्थ लाया गया जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06.01.2024 द्वारा सूचित किया गया कि मूल बिल को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। अतः इस प्रकरण तथा इसके जैसे अन्य प्रकरणों की पंचायत विभागीय स्तर पर गहन जाँच करके वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए तथा नियमानुसार

कार्यवाही करते हुए भविष्य हेतु इस कार्यविधि को तुरन्त प्रभाव से बन्द करते हुए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

## 12 राशि ₹0.12 लाख के बिल/वाउचर मौजूद न होना:–

अंकेक्षण के दौरान वी.के.वी.वाई.एन अनुदान की रोकड़ बही के अवलोकन पर पाया गया कि पंचायत द्वारा वाउचर संख्या 09 दिनांक 15.03.2023 को मै0 हि.प्र.सिविल सप्लाई जसूर को सीमेंट खरीद हेतु ₹12210/– का भुगतान किया गया था। लेकिन उक्त भुगतान की गई राशि से सम्बन्धित बिल/वाउचर प्रस्तुत नहीं किये गये।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/08 दिनांक: 05/01/2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके उत्तर में पंचायत सचिव गंगथ के कार्यालय पत्र संख्या 01 दिनांक 06.01.2023 द्वारा सूचित गया कि उक्त बिल/वाउचर आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिये जायेगे।

अतः उक्त व्यय के समर्थित बिल/वाउचर दिखाये जाने सुनिश्चित किया जायें अन्यथा भुगतान की गई राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करके सम्बन्धित अनुदान में जमा की जानी सुनिश्चित की जाये तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 13 सभा निधि में प्राप्त राशि ₹0.25 लाख को बैंक में जमा न करवाने व सीधे खर्च करने बारे :–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(2) के अनुसार पंचायत द्वारा आय में प्राप्त धन राशियों को सम्बंधित बैंक खातों में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

